web: www.nyaysakshi.com | पृष्ठ-2 में पढ़ें संपादकीय-खेल-व्यापार-धर्म-खाना खजाना-राशिफल | पृष्ठ-3 में पढ़ें छत्तीसगढ़-प्रादेशिक

दैनिक
# न्याय साक्षी
अधिकार से न्याय तक

**आवश्यक सूचना**
आप सभी को सूचित करते हर्ष हो रहा है, कि न्यायसाक्षी अधिकार से न्याय तक का सर्वे का कार्य तेजी से चल रहा है, जल्द ही सर्वे की टीम आपके घर विजिट करेगी, कृपया अपनी प्रति सुरक्षित कराएं।

RNI NO - CHHHIN/2018/76480 | Postal Registration No-055/Raigarh DN CG | रायगढ़, मंगलवार 11 अक्टूबर 2022 | पृष्ठ-4, मूल्य 3 रुपए | वर्ष-05, अंक- 15

## महत्वपूर्ण एवं खास

### बिहार में महिला ने अपने 3 बच्चों को कुंए में फेंक खुद की आत्महत्या

**पटना (आरएनएस)।** बिहार के कैमूर जिले में पति के झगड़े से नाराज एक महिला ने अपने तीन बच्चों को कुएं में फेंक दिया और फिर आत्महत्या कर ली। मृतक की पहचान भगवानपुर थाना क्षेत्र के पटेरिया गांव की रहने वाली रिंकी देवी के रूप में हुई है, जिसकी बीती रात अपने पति से तीखी नोकझोंक हुई थी। पुलिस ने कहा कि उनके घर से लापता होने के बाद स्थानीय ग्रामीणों ने उन्हें सूचित किया। उन्होंने कुएं में देखा तो वहां महिला की चप्पलें तैर रही थीं। भगवानपुर थाने के एक अधिकारी ने कहा, हम तुरंत मौके पर पहुंचे और रेस्क्यू ऑपरेशन शुरू किया। कुएं के अंदर महिला और दो बेटों समेत तीन बच्चों के शव मिले। हमने उन्हें बरामद कर पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया है। उन्होंने कहा, हमने मृतक के पति को गिरफ्तार कर लिया है और सही कारण जानने के लिए पूछताछ की जा रही है।

### सुपौल में भारी मात्रा में गुटखा के साथ एक व्यक्ति गिरफ्तार

**सुपौल (आरएनएस)।** बिहार के सुपौल जिले से सशस्त्र सीमा बल (एसएसबी) के जवानों ने भारी मात्रा में गुटखा के साथ एक व्यक्ति को गिरफ्तार कर लिया। एसएसबी 45वीं बटालियन के कार्यवाहक कमांडेंट आलोक कुमार ने सोमवार को यहां बताया कि रविवार की देर रात सूचना मिली थी कि ई रिक्शा के जरिये गुटखा भीमनगर चेक पोस्ट के रास्ते नेपाल ले जाया जा रहा है। इसी आधार पर चेकपोस्ट के निकट एक ई रिक्शा को रोककर तलाशी ली गयी। तलाशी के क्रम में 1901 पाउच गुटखा बरामद किया गया। श्री कुमार ने बताया कि ई रिक्शा चालक अजय कुमार राम को गिरफ्तार कर लिया गया है। गिरफ्तार चालक नेपाल के पोरताहा गांव का रहने वाला है। पूछताछ के बाद गिरफ्तार व्यक्ति को सीमा शुल्क चौकी भीमनगर के सुपुर्द कर दिया गया है।

### असफल प्रेम प्रसंग को लेकर युवक ने खुद को मारी गोली, मौत

**फतेहपुर (आरएनएस)।** उत्तर प्रदेश के फतेहपुर में सोमवार को एक असफल प्रेम प्रसंग को लेकर एक युवक ने खुद को गोली मार ली। पुलिस ने यह जानकारी दी। 23 वर्षीय व्यक्ति ने अपने पीछे एक सुसाइड नोट छोड़ा है जो असफल प्रेम संबंध की ओर इशारा करता है। इंस्पेक्टर (कर्नलगंज) राम मोहन राय ने बताया कि पुलिस ने मौके से एक सुसाइड नोट बरामद किया है। शुरुआती जांच से पता चला कि एक असफल प्रेम प्रसंग ने युवक को अपना जीवन समाप्त करने के लिए प्रेरित किया। पुलिस ने परिजनों को सूचित कर दिया है और घटना में प्रयुक्त हथियार भी बरामद कर लिया गया है।

### राजस्थान में मिलावटी भोजन की सूचना देने पर 51,000 रुपये का इनाम

**जयपुर (आरएनएस)।** राजस्थान के मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने आगामी त्योहारी सीजन के मद्देनजर एक विशेष अभियान शुरू किया है, जिसके तहत राज्य में मिलावटी भोजन की जानकारी देने वाले को 51,000 रुपये का इनाम दिया जाएगा। इसका ऐलान गहलोत के आवास पर एक उच्च स्तरीय बैठक के बाद किया गया। मुख्यमंत्री ने कहा कि शुद्ध खाद्य उत्पाद प्राप्त करना नागरिकों का अधिकार है और सटीकता सुनिश्चित करने के लिए संबंधित विभागों को सक्रिय भूमिका निभानी चाहिए। राज्य के लोग मिलावट की शिकायत हेल्पलाइन नंबर 181 पर कर सकते हैं। जिला कलेक्टर और संबंधित अधिकारियों को शिकायत दर्ज करा सकते हैं। व्यक्ति की पहचान गोपनीय रखी जाएगी। इस बीच, हेल्पलाइन नंबर पर कॉल करने वाले लोगों को मिलावटी भोजन का दावा प्रमाणित होने पर इनाम मिलेगा। साथ ही घटिया खाना बांटने वाले की खबर देने वालों को 5,000 रुपये देने की भी घोषणा की गई है। मुख्यमंत्री ने कहा कि अभियान के प्रभावी क्रियान्वयन में जनभागीदारी सुनिश्चित की जाये। मोबाइल लैब को प्रभावी ढंग से उपयोग करने के निर्देश भी दिए गए। प्रदेश में सैंपल जांच के लिए सात नई लैब स्थापित की जा रही हैं। गहलोत ने कहा कि खाद्य सुरक्षा अधिकारियों की तैनाती को भी मजबूत किया गया है।

# अनंतनाग में सुरक्षाबलों ने दो आतंकियों को मार गिराया

**श्रीनगर (आरएनएस)।** दक्षिण कश्मीर के अनंतनाग जिले में रात भर हुई मुठभेड़ में दो आतंकवादी मारे गए। पुलिस ने सोमवार को यह जानकारी दी। पुलिस ने इसकी पुष्टि करते हुए कहा कि जिले के तंगपावा इलाके में फिलहाल एक अभियान जारी है। आतंकवादियों की मौजूदगी की सूचना मिलने के बाद, पुलिस और सुरक्षा बलों की एक संयुक्त टीम ने रविवार रात इलाके की घेराबंदी कर दी थी।



इससे पहले पुलिस ने कहा था कि दक्षिण कश्मीर के तंगपावा में आतंकवादियों की मौजूदगी की सूचना मिलने के बाद इलाके की घेराबंदी और तलाशी अभियान के दौरान मुठभेड़ शुरू हो गई। एक सुरक्षा अधिकारी ने कहा, जैसे ही सुरक्षा बलों की संयुक्त टीम ने संदग्धि स्थान की घेराबंदी की, छिपे हुए आतंकवादियों ने गोलीबारी शुरू कर दी, जिससे मुठभेड़ शुरू हो गई।

जम्मू-कश्मीर के बांदीपोरा जिले में जन सुरक्षा कानून के तहत लश्कर ए तैयबा (एलईटी) के दो आतंकवादियों को हिरासत में लिया गया है, जिन्हें आतंकवाद को फिर से हवा देने का काम सौंपा गया था। पुलिस ने रविवार को यह जानकारी दी। बांदीपोरा पुलिस ने ट्विट किया, लश्कर ए तैयबा के आतंकवादियों के दो सहयोगियों इशफाक मजीद डार और वसीम अहमद मलिक को जन सुरक्षा कानून के तहत बांदीपोरा में हिरासत में लिया गया है। पुलिस ने कहा कि दोनों पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर में अपने आकाओं के संपर्क में थे और उन्हें बांदीपोरा में आतंकवाद को पुनर्जीवित करने का काम सौंपा गया था।

## असम में पुलिस की गोलीबारी में ड्रग तस्कर की मौत

**गुवाहाटी (आरएनएस)।** असम के तिनसुकिया जिला में पुलिस की गोलीबारी एक संदिग्ध मादक पदार्थ तस्कर मारा गया है। पुलिस ने बताया कि यह घटना रविवार को असम में तिनसुकिया जिला के टोंगोना सेंगापाथर इलाके में हुई।

प्राप्त रिपोर्ट के मुताबिक मादक पदार्थ तस्कर के गिरोह ने सुरक्षाकर्मियों पर कथित रूप से पथराव करने के बाद पुलिस ने उस पर गोलियां चलायी। पुलिस ने कहा, एक गुप्त सूचना पर कार्रवाई करते हुए पुलिस दल ने टोंगोना गाँव में एक घर पर छापा मारा, जहाँ चार संदिग्ध ड्रग तस्कर मिल रहे थे। पुलिस पार्टी को देखकर उन लोगों ने पथराव शुरू कर दिया।

पुलिस के अनुसार इस दौरान पुलिस की ओर से की गयी गोलीबारी में एक संदिग्ध ड्रग तस्कर की मौत हो गई, जबकि तीन अन्य को गिरफ्तार कर लिया गया।

## बांग्लादेश सीमा पर नदी में बहते लाखों रुपए के मोबाइल फोन बरामद

**नई दिल्ली (आरएनएस)।** सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) ने दक्षिण बंगाल में भारत बांग्लादेश अंतर्राष्ट्रीय सीमा में पगला नदी में बहते हुए 317 मोबाइल फोन बरामद किए हैं। ये फोन तस्करी के इरादे से भेजे जा रहे थे। यह जानकारी बीएसएफ ने दी है। बीएसएफ ने बताया कि बीती शाम को दक्षिण बंगाल सीमांत के 70वीं वाहिनी के जवानों ने खुफिया सूत्रों से मिली सटीक सूचना के आधार पर सीमा चौकी लोधिया में देखा की पगला नदी में केले के तनों से बंधे हुए प्लास्टिक के कुछ कंटेनर नदी के बहाव के साथ बांग्लादेश की तरफ जा रहे हैं। सतर्क जवानों ने तुरंत उन कंटेनरों को नदी से निकाला।



कंटेनर को जब खोलकर देखा गया तो उनमें विभिन्न कंपनियों के 317 मोबाइल फोन मिले, जिनकी कीमत 38,83,000 आंकी गई है। फिलहाल जब्त सामान को आगे की कानूनी कार्रवाई के लिए पुलिस थाना इंग्लिश बाजार को सौंप दिया गया है।

70वीं वाहिनी के कमांडिंग ऑफिसर ने बताया कि सीमा सुरक्षा बल भारत-बांग्लादेश सीमा पर तस्करी को रोकने के लिए कड़े कदम उठा रही है। इसके चलते तस्करी जैसे कामों में लिप्त लोगों को काफी मुश्किलों का अनुभव हो रहा है और उनमें से कुछ पकड़े भी जा रहे हैं, जिससे उन्हें कानून के मुताबिक सजाएं भी हो रही हैं।

## नाइजीरिया में 85 लोगों को ले जा रही नाव पलटी, 76 लोगों की मारे जाने की पुष्टि

**अबुजा।** नाइजीरिया के अंबरा प्रांत में नाव के पलटने से कम से कम 76 लोगों की मौत हो गई है। नाव पलटने की घटना में 76 लोगों के मारे जाने की पुष्टि की है। उन्होंने कहा कि बचाव एजेंसियों ने आधिकारिक तौर पर त्रासदी में मरने वालों की संख्या की सूचना दी थी और दुख व्यक्त किया था।



बयान के अनुसार क्षेत्र में बाढ़ के बाद अंम्बरा प्रांत के ओगबारू इलाके में 85 लोगों को ले जा रही एक यात्री नौका पलट गई। स्थानीय मीडिया ने राष्ट्रीय आपातकालीन प्रबंधन एजेंसी (एनईएमए) के दक्षिणपूर्व क्षेत्र के समन्वयक थिकमैन तनिमु के हवाले से बताया कि बाढ़ के आलावा घटना के अन्य कारणों की जांच की जा रही है।

घटना के बाद नाइजीरिया के राष्ट्रीय अंतर्देशीय जलमार्ग प्राधिकरण और एनईएमए ने अंम्बरा प्रांत में बचाव अभियान शुरू कर दिया है। बुहारी ने कहा कि उन्होंने अन्य बचाव और राहत एजेंसियों को घटनास्थल पर पहुंचने का निर्देश दिया है। उन्होंने कहा कि संबंधित सरकारी एजेंसियों से स्थानीय परिवहन घाटों पर सुरक्षा प्रोटोकॉल की जांच करने का आग्रह किया है ताकि भविष्य में इस तरह की घटनाओं से बचा जा सके।

## पीएम मोदी के राजकोट दौरे से पहले बड़ी चूक, जिलेटिन की 1600 विस्फोटक गायब होने से हड़कंप

**राजकोट (आरएनएस)।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी गुजरात दौरे पर हैं। इस बीच, राजकोट में भारी मात्रा में विस्फोटक चोरी हो जाने से सुरक्षा एजेंसियों में हडक़ंप मच गया है। चोरी की इस वारदात को लपसारी इलाके में स्थित एक क्रशर फैक्ट्री में अंजाम दिया गया है। यहां से जिलेटिन की 1600 छड़ें, ब्लास्टिंग कैप और 1500 मीटर तार गायब हैं। घटना की जानकारी मिलने पर तत्काल पुलिस मौके पर पहुंची। वहीं, इसको लेकर स्पेशल ऑपरेशन ग्रुप (एसओजी) और एंटी टेररिस्ट स्क्वॉड (एटीएस) ने भी छानबीन तेज कर दी है।

पुलिस की टीम आसपास के इलाकों के सीसीटीवी कैमरों को चिह्नित करने का प्रयास कर रही है, जिससे अपराधियों को चिह्नित किया जा सके। अपराधियों ने विस्फोटकों की चोरी क्यों की, पुलिस इसके संभावित कारणों का भी पता लगा रही है। साथ ही फैक्ट्री के कर्मचारियों से भी पूछताछ चल रही है। वहीं, आसपास के इलाकों के थाना प्रभारियों को घटना के संबंध में जानकारी दे दी गई है। उनसे कहा गया है कि कोई भी अगर संदिग्ध गतिविधि दिखे तो तत्काल सूचित करें। पुलिस ने केस दर्ज कर लिया है।



राजकोट में जोन 1 के एसीपी बीवी जाधव ने बताया है कि क्रशर फैक्ट्री में घटना को अंजाम दिया गया है। पुलिस की टीम ने विस्फोटकों की बरामदगी के लिए छापेमारियां तेज कर दी हैं। पुलिस ने घटनास्थल का जायजा लिया है। जिलेटिन की 1600 छड़ें गायब हैं। वहीं ब्लास्टिंग कैप भी चोरी हुए हैं। बता दें कि गुजरात में विधानसभा चुनाव होने हैं। ऐसे में बीजेपी और आम आदमी पार्टी के कई नेता राज्य में चुनाव प्रचार कर रहे हैं। ऐसे में विस्फोटकों के चोरी हो जाने से पुलिस महकमे में हडक़ंप मच गया है।

बैलिस्टिक विशेषज्ञ बताते हैं कि जिलेटिन की छड़ों का उपयोग किसी विस्फोट के दौरान होता है।इसका सबसे ज्यादा व्यवहार खनन के दौरान होता है। वहीं, किसी भवन को विस्फोट से गिराने के लिए भी इसका उपयोग होता है। पुलिस अधिकारियों के मुताबिक, नक्सली हमलों के दौरान इसका इस्तेमाल करते हैं।

## ग्रेटर नोएडा : शिक्षक ने 5वीं के छात्र को डंडे से पीटा, हुई मौत, एफआईआर दर्ज

**ग्रेटर नोएडा (आरएनएस)।** ग्रेटर नोएडा के एक प्राइवेट स्कूल में शिक्षक ने कुछ छात्रों की पिटाई कर दी। इसके बाद एक छात्र की तबीतय बिगड़ गई। छात्र की हालत बिगडऩे के बाद उसे दिल्ली रेफर कर दिया गया था। रविवार देर शाम छात्र की मौत हो गई। गौतमबुद्ध नगर पुलिस ने मामले में आरोपी शिक्षक के खिलाफ एफआईआर दर्ज की है और फरार चल रहे शिक्षक की तलाश की जा रही है।



पुलिस से मिली जानकारी के मुताबिक बादलपुर थाना क्षेत्र के बंबावड़-महावड़ मार्ग पर कैप्टन सांवलिया पब्लिक स्कूल है। इस स्कूल में देव उर्फ मांगेराम का बड़ा बेटा प्रिंस (12) पढ़ता था। वह कक्षा पांचवी में पढ़ता था। बृहस्पतिवार को शिक्षक सोरेन उर्फ वरुण ने टेस्ट लेने के लिए विषय याद करने को कहा था। शुक्रवार को छात्रों का टेस्ट लिया गया। इस दौरान प्रिंस कुछ सवालों के जवाब नहीं दे पाया। जिससे नाराज होकर अध्यापक ने प्रिंस की डंडे से बेरहमी से पिटाई कर दी। प्रिंस के सिर और पीठ पर प्रहार किए गए।

इसके बाद प्रिंस बेहोश हो गया। जिसके बाद उसे दादरी के नवीन अस्पताल में भर्ती किया गया। वहां से हायर सेंटर रेफर कर दिया गया। इसके बाद छात्र को दिल्ली में लोकनायक जयप्रकाश अस्पताल में भर्ती किया गया। जहां डॉक्टरों ने इलाज के दौरान बताया कि सिर पर प्रहार होने की वजह से तीन नसें फट गई हैं। इसके बाद रविवार देर शाम को प्रिंस को डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। परिजनों की ओर से दी गई तहरीर के आधार पर अध्यापक के विरुद्ध मुकदमा पंजीकृत किया गया है और फरार शिक्षक की तलाश की जा रही है।

## 19 साल की बीमार बच्ची से यौन शोषण करने वाले डॉक्टर की तलाश में जुटी पुलिस

**बेंगलुरु (आरएनएस)।** बेंगलुरु में 19 साल की एक मरीज के साथ बदसलूकी करने के बाद फरार हुए डॉक्टर को पकडऩे के लिए कर्नाटक पुलिस ने विशेष टीम का गठन किया है। पुलिस ने सोमवार को यह जानकारी दी। चंद्र लेआउट के पास अरुंधतिनगर में क्लीनिक चलाने वाले डॉक्टर उदेदुल्ला आरोपी डॉक्टर हैं। टीम मामले की गंभीरता को देखते हुए आरोपी डॉक्टर को जल्द से जल्द पकडऩे के लिए सुराग जुटा रही है।

पुलिस ने बताया कि, आरोपी डॉक्टर बेंगलुरु के कॉटनपेट इलाके के पेंशन मोहल्ला का रहने वाला है और शादीशुदा है। सितंबर के अंतिम सप्ताह में जब लडक़ी इलाज के लिए आरोपी डॉक्टर के पास गई तो लडक़ी ने पेट शिकायत की थी।

मैं 28 सितंबर की रात को अपनी मां के साथ क्लिनिक गई थी। डॉक्टर ने मुझे गलत तरीके से छुआ था। 29 सितंबर को जब मैं दूसरी बार गई तो आरोपी डॉक्टर ने ग्लूकोज देते हुए मेरे गाल को गलत तरीके से छुआ। 30 सितंबर को मैं अपने भाई के साथ उनके पास गई थी तब आरोपी डॉक्टर ने उसे बाहर भेज दिया और क्लिनिक में बिस्तर पर सोने को कहा। उसने मेरा यौन उत्पीडऩ करना शुरू कर दिया, मैंने इसका विरोध किया और रोने लगी।

बेंगलुरु में चंद्र लेआउट पुलिस ने आरोपी डॉ उदेदुल्ला के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की है। पुलिस ने कहा कि, पीड़िता ने दावा किया है कि आरोपी डॉक्टर ने इलाज के दौरान उसका यौन उत्पीडऩ किया और उसे मामले का खुलासा नहीं करने की धमकी दी। घटना का पता तब चला जब पीड़िता ने आरोपी डॉक्टर के क्लीनिक में जाने से मना कर दिया। जब उसके परिवार वाले उसे आरोपी के पास ले जाने लगे, तो उसने क्लिनिक में अपने माता-पिता को अपनी आपबीती सुनाई।

इसके बाद पीड़िता के भाई क्लिनिक गए और डॉक्टर से भिड़ गए। उन्होंने फर्नीचर तोड़ दिया और उनके क्लिनिक को क्षतिग्रस्त कर दिया। घटना के बाद आरोपी डॉक्टर गायब हो गया। आगे की जांच जारी है।

# नहीं रहे यूपी के पूर्व सीएम मुलायम सिंह यादव, मेदांता अस्पताल में ली अंतिम सांस

**लखनऊ (आरएनएस)।** यूपी के पूर्व सीएम और समाजवादी पार्टी के संस्थापक मुलायम सिंह यादव का सोमवार को गुरुग्राम के मेदांता अस्पताल में निधन हो गया। उन्होंने 82 साल की उम्र में मेदांता अस्पताल में आज सुबह 8.16 बजे आखिरी सांस ली। तबीयत बिगडऩे पर उन्हें 1 अक्टूबर को आईसीयू में भर्ती कराया गया था। मुलायम सिंह के निधन के बाद समाजवादी परिवार में शोक की लहर डूब गई है। उनकी तबीयत बिगडऩे की सूचना पर बेटे अखिलेश यादव, भाई शिवपाल यादव और बहू अपर्णा यादव दिल्ली के लिए रवाना हो गए थे। बता दें कि तीन महीने पहले उनकी पत्नी साधना गुप्ता का भी निधन हो गया था।



55 साल से अधिक समय तक राजनीति में सक्रिय रहे मुलायम सिंह यादव का जन्म 22 नवंबर 1939 को इटावा जिले के सैफई में हुआ था। उन्होंने राजनीति शास्त्र में एमए की पढ़ाई की थी। वह 1967 में पहली बार यूपी के जसवंत नगर से विधायक निर्वाचित होकर विधानसभा पहुंचे और फिर उन्होंने अपने राजनीतिक करियर में कभी पीछे मुडक़र नहीं देखा। वह आठ बार विधायक निर्वाचित हुए तो वहीं सात बार निर्वाचित होकर लोकसभा सांसद बने। 1996 में उन्हें यूनाइटेड फ्रंट गठबंधन की सरकार में रक्षा मंत्री बनने का भी अवसर मिला।

## सैफई में आज होगा मुलायम सिंह का अंतिम संस्कार

सपा मुखिया अखिलेश यादव ने समाजवादी पार्टी के ट्विटर हैंडल पर मुलायम के निधन की जानकारी दी। मुलायम का पार्थिव शरीर सैफई लाया जाएगा। मंगलवार को दोपहर 3 बजे उनका अंतिम संस्कार किया जाएगा। समाजवादी पार्टी ने ट्वीट कर बताया आदरणीय नेताजी का दिनांक 10/10/2022 को सुबह गुरुग्राम के मेदांता अस्पताल में निधन हो गया। उनके पार्थिव शरीर को सैफई ले जाया जा रहा है। दिनांक 11/10/2022 को दोपहर तीन बजे सैफई में अंतिम संस्कार होगा।

पिछले कुछ दिनों से सपा नेता की हालत गंभीर बनी हुई थी। 22 नवंबर, 1939 को जन्मे मुलायम सिंह यादव उत्तर प्रदेश के सबसे प्रमुख नेताओं में से एक थे, जिन्होंने तीन बार उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री के रूप में कार्य किया और केंद्र सरकार में रक्षा मंत्री के रूप में भी कार्य किया। मुलायम को दो अक्टूबर अक्टूबर को ऑक्सीजन लेवल कम होने के बाद आईसीयू में शिफ्ट किया गया था। उन्हें यूरिन में इन्फेक्शन के साथ ही ब्लड प्रेशर की समस्या बढ़ गई थी। बाद में उन्हें वेंटिलेटर पर शिफ्ट कर दिया गया था। यूं तो मुलायम की तबियत पिछले दो साल से ज्यादा खराब थी, लेकिन नौ जुलाई को दूसरी पत्नी साधना गुप्ता के निधन के बाद वह ज्यादा टूट गए थे। पत्नी की मौत के चार महीने के अंदर ही मुलायम सिंह ने भी दुनिया को अलविदा कह दिया। इसी साल नौ जुलाई को मेदांता अस्पताल में मुलायम सिंह यादव की पत्नी का भी निधन हुआ था। उनके निधन के एक महीने बाद ही मुलायम सिंह की तबियत ज्यादा खराब हो गई। 22 अगस्त को उन्हें मेदांता में भर्ती कराया गया। तब से उनका इलाज यहां चल रहा था। एक जुलाई को ही साधना गुप्ता को ब्लड प्रेशर, शुगर और फेफड़े के संक्रमण सहित अन्य बीमारियों की वजह से अस्पताल में भर्ती कराया गया था। 10 जुलाई को लखनऊ के पिपराघाट पर साधना गुप्ता का अंतिम संस्कार हुआ था। उनके बेटे प्रतीक यादव ने मुखाग्नि दी थी।